# भारतीय छात्रों को लेकर हंगरी बॉर्डर से बूडापोस्ट के लिए रवाना हुई ट्रेन

## जहां से वे प्लेन में सवार होकर भारत के लिए रवाना होंगे

**निवाई, (निसं)।** युद्ध ग्रस्त यूक्रेन में फंसे हुए निवाई क्षेत्र के दो छात्रों सहित 1300 भारतीय विद्यार्थी यूक्रेन से स्पेशल ट्रेन से रवाना होकर बुधवार की सुबह हंगरी के बोर्डर पर पहुंच गए हैं। यूक्रेन में एमबीबीएस कर रहे रजवास निवासी वेदप्रकाश शर्मा के पिता पूर्व उप सरपंच रामलाल शर्मा ने बताया कि 1300 भारतीय विद्यार्थियों को लेकर ट्रेन हंगरी के लिए सोमवार की देर रात रवाना हुई थी जो बुधवार की सुबह हंगरी के बोर्डर पर पहुंच गई।

उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 11 बजे सभी छात्र ट्रेन से बूडापोस्ट के लिए रवाना हो गए थे जहां से प्लेन में सवार होकर भारत

- **1300 भारतीय विद्यार्थी स्पेशल ट्रेन से रवाना होकर बुधवार को हंगरी के बॉर्डर पर पहुंचे**

के लिए रवाना होंगें। छात्र शशांक गौतम के पिता डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों बच्चों ने उन्हें बताया कि ट्रेन में शाम का खाना मिल गया था। उन्होंने बताया कि बूडापोस्ट के लिए रवाना होने के बाद सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

# यूक्रेन में फंसी छात्रा के परिजनों से मिले कलेक्टर



यूक्रेन में फंसी छात्रा के परिजन से जिला कलक्टर कमर चौधरी ने मुलाकात की।

**दौसा, (निसं)।** यूक्रेन में फंसे दौसा एवं अन्य जिलों के छात्रों को सकुशल वापस लाने के लिये राज्य सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने यूक्रेन में फंसी मंडी रोड पीएनबी चौराहा निवासी छात्रा ज्योति तंवर पुत्री चन्द्रशेखर के परिजनों से मिलकर छात्रा को शीघ्र वापिस दौसा लाने का भरोसा दिलाया।

छात्रा के घर पर उसके ताउ भगवान सहाय सैनी, छात्रा की मां

- **छात्रा को शीघ्र वापिस दौसा लाने का भरोसा दिलाया**

धर्मलता सैनी से वार्ता कर जिला कलेक्टर ने वापस लाने के लिये सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने परिजनों से कहा कि ज्योंही ज्योति से बात हो तो उसकी लोकेशन से जिला प्रशासन को अवगत कराना तथा यह भी जानकारी लेना कि उसके साथ राजस्थान के कितने छात्र हैं जो फंसे हुये हैं। उनके बारे में भी जानकारी लेना, ताकि उनको भी सकुशल घर लाने के प्रयास किये जा सकें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिन लोगों को यूक्रेन में फंसे छात्र-छात्राओं के बारे कोई भी जानकारी हो तो जिला प्रशासन को बतायें ताकि उनको सकुशल वापस लाने के लिये राज्य सरकार के माध्यम से प्रयास किये जा सकें।

# थानागाजी एसडीएम ने विदेश में रह रहे छात्रों से दूरभाष पर बात की

**थानागाजी, (निसं)।** इन दिनों यूक्रेन व रूस के मध्य चल रहे यूद्ध की दुनियाभर में चर्चा का विषय बना हुआ है अपने नागरिकों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए उपखंड अधिकारी डॉ. नवनीत कुमार ने उपखंड क्षेत्र के छात्र जो दोनों देशों की सीमाओं से सटे देशों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं उन से उपखंड अधिकारी ने दूरभाष पर बात कर कुशलक्षेम जानीं। साथ ही किसी भी तरह की समस्या के लिए सूचना देने के लिए निजी नंबर देकर हर वक्त मदद के लिए सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

# दौसा में यूक्रेन में फंसे छात्रों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**दौसा, (निसं)।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलेक्टर कमर चौधरी द्वारा यूक्रेन में फंसे छात्र, नागरिकों के संबंध में आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान करने की कार्यवाही संपादित करने हेतु जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट भवन के कमरा नं. 204 में आगामी आदेशों तक कंट्रोल रूम स्थापित किये जाने के निर्देश दिये हैं।

स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 01427-224903 हैं। वहीं जिला रोजगार अधिकारी जगदीश निर्वाण को कन्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। जिनके मोबाइल नम्बर 9414443869 हैं। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि कन्ट्रोल रूम दो पारियों में संचालित होगा। जिसमें सूचनाओं के आदान प्रदान के लिये कार्मिक नियुक्त किये गये हैं। इसमें प्रथम पारी प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे तक में भरत लाल मीना सूचना सहायक डीओआईटी राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट दौसा, अरूण शर्मा वरि. सहायक संस्थापन शाखा दौसा को कार्मिक नियुक्त किया है। जिनके मोबाइल नम्बर 9680528585 हैं।

द्वितीय पारी सांय 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक में रवि महावर सूचना सहायक राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट दौसा को तथा जयप्रकाश मीना क. सहायक कार्यालय उपखण्ड अधिकारी दौसा को नियुक्त किया गया है।

# नागौर नगरपरिषद के ऑडिटर व जेईएन सवा लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## ठेकेदार की सिक्योरिटी राशि लौटाने और बिल पेमेंट के लिए मांगी थी रिश्वत

**नागौर, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो नागौर ने बुधवार को नागौर नगरपरिषद में शहरी जलप्रदाय योजना के तहत कार्यरत ऑडिटर नंद किशोर भाटी व जेईएन माणकचंद सांखला को एक लाख 25 हजार 400 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। नागौर एसीबी निरीक्षक मोहन सिंह ने बताया कि परिवादी ठेकेदार की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। ठेकेदार फर्म की सिक्युरिटी डिपॉजिट के करीब 7 लाख रुपए बकाया थे। वहीं एक वर्तमान बिल का भुगतान भी बकाया था।

ठेकेदार फर्म की सिक्योरिटी डिपॉजिट के करीब 7 लाख रुपए बकाया का भुगतान करने के लिए जेईएन माणकचंद सांखला ने 50 फीसदी के हिसाब से रिश्वत की मांग की थी। वहीं वर्तमान बिल का भुगतान करने के लिए ऑडिटर नन्द किशोर भाटी ने 25 हजार 400 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

एसीबी के महानिदेशक बीएल सोनी व अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन में नागौर एसीबी निरीक्षक मोहन सिंह ने बुधवार को ट्रेप कार्रवाई कर ऑडिटर नन्द किशोर भाटी को नागौर नगरपरिषद ऑफिस में परिवादी से खुद के लिए 25 हजार 400 रुपये व माणकचंद सांखला के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है।



नागौर एसीबी की टीम ने रिश्वत के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किये गए दोनों कार्मिकों के पास एडिशनल चार्ज थे। नागौर नगरपरिषद में शहरी जलप्रदाय योजना के तहत माणकचंद सांखला फोरमैन के पद पर कार्यरत है और उनके पास एडिशनल चार्ज था। वहीं नन्द किशोर भाटी स्टोर मुन्शी पद पर कार्यरत है और उनके पास ऑडिटर का एडिशनल चार्ज भी था।

# इग्नू की परीक्षाऐं 4 मार्च से प्रारम्भ

**कोटा, (निसं)।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय, नई दिल्ली की संत्रात परीक्षा जो दिसम्बर 2021 में होने वाली थी, वह अब 4 मार्च 2022 से प्रारम्भ हो रही है। इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ. राज कुमार गर्ग ने बताया कि परीक्षा 11 अप्रेल तक दो पारियों में प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा के परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए अपना हॉल टिकट एवं इग्नू का परिचय पत्र लाना अनिवार्य है। इग्नू के जनवरी 2022 सत्र हेतु नवीन प्रवेश व पुनः पंजीकरण करवाने के लिए तिथि बढ़ाकर 5 मार्च 2022 कर दी गई है। इच्छुक व पात्र विद्यार्थी प्रवेश भी ले सकते है।

# यूक्रेन से अजमेर के 35 छात्रों में से 17 घर पहुंचे

**अजमेर, (कासं)।** युक्रेन में अजमेर जिले के 35 विद्यार्थी थे। इनमें से 17 विद्यार्थियों को अपने घर पहुंचाया जा चुका है। अन्य छात्रों एवं उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर घर वापसी सुनिश्चित की जा रही है। जिला कलैक्टर अंश दीप ने बताया कि यूक्रेन में अजमेर जिले के फंसे हुए 35 छात्रों को सकुशल घर लाने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर प्रयास किए गए है। इन प्रयासों के परिणाम से 17 विद्यार्थियों को सकुशल घर पहुंचाया जा चुका है। जिले के छात्रों एवं उनके परिजनों से विदेश मंत्रालय तथा भारतीय दूतावास के एडवाजरी की पालना करने की सलाह दी गई है।

उन्होंने बताया कि जिले के 27 अजमेर, 6 ब्यावर एवं 2 किशनगढ के थे। अब तक 17 विद्यार्थी अपने घर पहुंचे है। इनमें से 15 अजमेर के तथा 2 ब्यावर के है। वापसी से वंचित 18 विद्यार्थियों के अभिभावकों से प्रशासन लगातार सम्पर्क में है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए अतिरिक्त जिला कलैक्टर कैलाश चंद्र शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ-साथ नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। विद्यार्थी एवं अभिभावक इसके दूरभाष नंबर 0145-2628932 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्थापित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# धमाके से सहमा बीकानेर

**बीकानेर, (कासं)।** शहर में बुधवार सुबह ठीक नौ बजे तेज धमाका हुआ। बीकानेर शहर से नाल गांव तक धमाका इतना जबर्दस्त था कि घरों में लगे खिड़की और दरवाजों में कंपन हुआ। माना जा रहा है कि फाइटर प्लेन का सुपर सॉनिक धमाका था, जो आमतौर पर फाइटर प्लेन के अभ्यास के दौरान हवा के दबाव के चलते होता है। कहीं से भी किसी तरह की अनहोनी की खबर नहीं है।

दो टुकड़े में हुए इस धमाके बाद बड़ी संख्या में लोग घरों की छत पर पहुंच गए। आशंका थी कि कहीं आस-पास कोई दीवार गिर गई है। आस-पास के लोगों से पूछताछ भी की गई, कोई सूचना नहीं मिली तो बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल दी कि तेज धमाका हुआ है, कोई सूचना है तो बतावें।

इस बारे में नाल थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि बीकानेर के साथ नाल तक इस तरह की आवाज आई है। नाल थाने की खिड़कियों में भी जबर्दस्त कंपन हुआ। नाल पुलिस ने एयरफोर्स से इस बारे में पूछताछ की तो वहां से ये पुष्टि हुई कि फाइटर प्लेन अभ्यास कर रहे हैं लेकिन उसके कारण धमाका हुआ या नहीं ये फाइटर प्लेन के नीचे उतरने पर ही स्पष्ट होगा। कुछ दिन पहले ही नोखा में भी इस तरह का तेज धमाका हुआ था, जिसका कारण सुपर सॉनिक ही था। जब भी कोई फाइटर प्लेन सामान्य स्पीड से सुपर सोनिक स्पीड में आता है तो तेज धमाका के साथ कंपन होता है। इस कंपन और धमाके को साउंड बैरियर कहा जाता है। यह सामान्य प्रक्रिया है और हर बार उड़ान के सुपर सोनिक स्पीड में जाते समय होता है।



धौलपुर। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के हालातों के बीच धौलपुर जिले के 9 छात्र फंस गए थे। जिनमें से 2 जनों की बुधवार को सुरक्षित घर वापसी हो गई है। जिससे परिजनों में खुशी है। वहीं धौलपुर जिला कलेक्टर राकेश कुमार जायसवाल ने इन छात्रों के घर पहुंच कर उनका हालचाल जाना और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

# देर रात बदमाशों ने तीन होटलों में की फायरिंग

## होटल मालिकों से 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली में इन दिनों लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से जहां आम जन सहमा हुआ है वहीं अपराधियों में पुलिस का भय नजर नहीं आ रहा है। जिसको लेकर लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। विगत देर रात कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित तीन होटलों पर हुई फायरिंग कि घटनाओं से पुलिस कि कार्यशैली पर नाकामी के सवालिया निशान उठना लाजमी है। हालांकि घटनाक्रम की सूचना पर पुलिस महकमे के आलाधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में पुलिस उच्च अधिकारियों ने दलबल के साथ घटना स्थलों का जायजा लेते हुए हर बार की तरह इस बार भी सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

इस संबंध में थाने में तीनों होटल मालिकों ने अलग-अलग मामले दर्ज करवाये है। पुलिस के अनुसार कंवरपुरा स्थित होटल कान्जी के मालिक बिन्टू पुत्र हरिसिंह यादव ने मामला दर्ज कराते हुए बताया है कि विगत देर रात करीब 9बजे वह अपने होटल के काउन्टर पर बैठा कार्य कर रहा था। इसी दौरान होटल में तीन नकाब पोस बदमाशों ने उस पर जानलेवा हमला करने के नियत से तीन राउंड फायर किये। आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने एक लिफाफा उसकी तरफ फेंका और कहा कि आगे अन्जाम के लिए तैयार रहना रिपोर्ट में बताया गया है कि उक्त लिफाफे पर 6161 ग्रुप लिखा हुआ था। जिसे खोल कर देखा तो लिखा मिला है कि प्रदीप रावत सुदरपुरा का हुं होटल चलाना है तो 50 हजार रूपये दो नहीं तो जान से हाथ धोना पडेग़ा।

लिफाफे में एक मोबाईल नं. भी लिखा मिला है। इसी तरह गोपालपुरा निवासी सिंगाराम पुत्र तेजाराम गुर्जर ने मामला दर्ज कराते हुए बताया है कि विगत रात्री करीब 9बजे उसके देवनारायण मन्दिर के पास स्थित सिंगा होटल पर गाड़ी वाले खाना खा रहे थे। इसी दौरान एक बाईक पर तीन बदमाश आये जिनमें से एक बदमाश बाईक स्टार्ट कर खड़ा रहा जबकी दो बदमाशों ने आकर एक पर्ची उसके काउन्टर पर फेंकी जिसके बाद बदमाशों ने पिस्तोल से फायर किया।

इसी तरह कस्बा स्थित होटल राधारानी के संचालक सुरेन्द्र पुत्र भिखाराम सैनी ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि विगत रात्री करीब 9बजे वह व उसका मैनेजर महिपाल दोनों रिसेप्सन काउन्टर पर बैठे थे। इसी दौरान दो नकाब पोस बदमाश होटल के अन्दर घुसे और काउन्टर पर एक कागज निकाल कर रख दिया आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने उन्हें 50 हजार रूपये मन्थली देने की धमकी देते हुए फायरिंग कर दी। जाते वक्त बदमाशों ने होटल के मैन गेट पर भी फायर किया है।

# हिरण शिकार प्रकरण में सुनवाई टली

**जोधपुर, (कासं)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान से जुड़े बहुचर्चित हिरण शिकार प्रकरण में बुधवार को राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो पाई। सलमान ने सेशन कोर्ट में विचाराधीन अपील को हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की याचिका लगा रखी है। बुधवार को सरकारी वकील ने अपना पक्ष रखने के लिए समय मांगा इसके बाद सुनवाई टल गई। अब अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी।

कांकाणी गांव की सरहद में दो काले हिरण का शिकार करने के मामले में सलमान खान को ट्रायल कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की सजा सुना रखी है। आर्म्स एक्ट में सलमान को बरी कर दिया गया। पांच साल की सजा को सलमान ने सेशन कोर्ट में व आर्म्स एक्ट में सलमान को बरी किए जाने के खिलाफ राज्य सरकार ने अपील कर रखी है। काला हिरण शिकार प्रकरण में सैफ अली खान, नीलम, तब्बू व सोनाली को बरी करने के खिलाफ राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रखी है।

इसे लेकर सलमान की तरफ से हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी कि तीनों मामले एक-दूसरे से जुड़े हुए है। ऐसे में तीनों की सुनवाई एक साथ हाईकोर्ट में की जाए। इस मामले में आज सरकारी पक्ष पेश करने के लिए सरकारी वकील गौरव सिंह ने समय देने का आग्रह किया। वहीं सलमान के वकील हस्तीमल सारस्वत व रेखा सांखला ने इस मामले में पूर्व में हाईकोर्ट की तरफ से जारी स्थगन आदेश को जारी रखने का आग्रह किया गया। हाई कोर्ट के न्यायाधीश पुष्पेंद्रसिंह भाटी ने याचिका पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख निश्चित करते हुए अपीलों की सुनवाई पर स्थगन जारी रखने के आदेश दिए।

# बीकानेर में हल्की बूंदाबांदी

**बीकानेर, (कासं)।** एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर संभाग को बादलों ने घेर लिया है। खासकर बीकानेर शहर में बादलों की आवाजाही रही, शाम होते होते हल्की बूंदाबांदी हुई। ऐसे में आज न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट आने की उम्मीद की जा रही है। बीकानेर के अलावा जैसलमेर, नागौर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ , चूरू, सीकर, झुंझुनूं व आस-पास के जिलों में बारिश होने की उम्मीद की जा रही है। मंगलवार की रात बीकानेर में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया जो दो दिन पहले तक 12 डिग्री के आस-पास था। अब उम्मीद की जा रही है कि बुधवार की रात का तापमान कम रहेगा।

मौसम विभाग ने बुधवार सुबह ही चेतावनी दी थी कि बीकानेर में तीस से चालीस किलोमीटर

- **लूणकरनसर के ग्रामीण एरिया में कहीं -कहीं हल्की रिमझिम हुई**

प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, बारिश भी हो सकती है। शाम होते-होते बादलों ने बीकानेर का रुख कर लिया। यहां उमड़ घुमड़ करते हुए बादलों ने एक बार तो तेज बारिश जैसा मौसम बना दिया लेकिन कुछ देर की बूंदाबांदी के बाद बीकानेर में बरसे नहीं। हालांकि बीकानेर से लूणकरनसर की तरफ आने वाले ग्रामीण एरिया में कहीं -कहीं हल्की रिमझिम हुई है। लूणकरनसर में हवाओं की रफ्तार भी तेज रही और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। अगर बारिश होने के बाद तेज हवाएं चलें तो फसलों को कम नुकसान होता है।

# काजरी में पी-1 पद के लिए परीक्षा: सुबह लाइट नहीं होने से देर से हुई ऑनलाइन परीक्षा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के बनाड़ रोड स्थित रमजान का हत्था के पास में इन दिनों काजरी के विभिन्न पदों के लिए परीक्षा का आयोजन चल रहा है। 4 मार्च को भी परीक्षा होनी है। आज काजरी की तरफ से पी-1 पद के लिए परीक्षा का आयोजन था। अलग अलग शिफ्ट में परीक्षा का आयोजन था। पहली शिफ्ट के विद्यार्थी परीक्षा नहीं दे पाए और दूसरी पारी के छात्र पहुंच गए। कभी लाइट को लेकर परेशानी बताई गई तो कभी अन्य कारण बता दिया गया। परीक्षार्थियों ने आहत होकर परीक्षास्थल के गेट पर जमकर हंगाम मचाया। गेट तोड़ कर अंदर तक आ गए। बाद में दोनों तरफ से परीक्षार्थी आमने -सामने हो गए। इससे स्थिति बिगड़ गई। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। तब बनाड़ पुलिस वहां पहुंची। परीक्षार्थियों की तरफ से दोपहर तक हंगामा चलता रहा। फिलहाल

दरअसल काजरी की तरफ से विभिन्न पदों के लिए टेक्रिकल एवं कृषि विशेषज्ञ के लिए परीक्षा का आजोजन चल रहा है। बुधवार को

- **पहली व दूसरी पारी के परिक्षार्थी हुए आमने-सामने, पुलिस बुलाई**

पी-1 परीक्षा का आयोजन था। सुबह की शिफ्ट में काफी परीक्षार्थी अंदर थे। परीक्षा का सेंटर बनाड़ रोड स्थित रमजान का हत्था के पास में आया था। ऑनलाइन परीक्षा में सुबह लाइट नहीं थी। इस वजह से परीक्षा का आयोजन समय पर नहीं हो पाया। तब तक दूसरी शिफ्ट के छात्र भी पहुंच गए। पहली शिफ्ट वाले छात्र बाहर नहीं आए तब दूसरी शिफ्ट के लिए बाहर एकत्र हुए छात्रों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। इससे वहां माहौल गर्मा गया और कुछ उत्साही छात्रों ने परीक्षास्थल का गेट ही तोड़ दिया और भीतर घुस गए। बाद में पुलिस वहां पहुंची और समझाइश कर छात्रों को शांत कराया।

# आसाराम का जेल में नाचने का वीडियो वायरल

**जोधपुर, (कासं)।** आसाराम का एक वीडियो शहर में आज वायरल होकर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस विडियो में आसाराम भजन संध्या में झूमते नजर आ रहे हैं। साधक इस विडियो को देखकर खुश हो रहे हैं। दरअसल महाशिवरात्रि पर हर साल की तरह इस बार भी जेल में भजन संध्या का आयोजन किया गया था। आसाराम ने भक्ति संगीत की स्वरलहरियों को सुना तो खुद को रोक नहीं पाये और नाचने शुरू हो गए। किसी ने इसका वीडियो बना कर वायरल कर दिया। वायरल विडियो में आसाराम एकदम चुस्त दुरुस्त नजर आ रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि वह बिल्कुल स्वस्थ है। इसी बात को लेकर साधकों में अपार हर्ष है। दरअसल कोरोनाकाल से आसाराम की तबीयत खराब होने के समाचार आते रहे है। कुछ महीने पहले ही यूरिन इंफेक्शन की शिकायत पर एम्स में भर्ती किया गया था। यहां उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। 10 दिन पहले ही आसाराम बापू को एम्स ले जाया गया और यूरिनल ट्यूब को हटाया गया।

**15 से ज्यादा बार लगा चुके हैं जमानत याचिका:-** तबियत खराब का हवाला देते हुए आसाराम अभी तक 15 से ज्यादा बार लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका लगा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी जबकि हाईकोर्ट ने मेडिकल बोर्ड का गठन किया था। हालांकि बोर्ड की रिपोर्ट पर उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई। करीब 5 महीने पहले गुजरात हाईकोर्ट में भी जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन जोधपुर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पर खारिज कर दिया गया।

# दुनिया में कहीं भी भारतवासी कष्ट में आएंगे, मोदी सरकार साथ खड़ी होगी : शेखावत

## भारत लौटे 251 छात्रों का केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को आईजीआई एयरपोर्ट पर स्वागत किया

**जोधपुर, (कासं)।** युद्धग्रस्त यूक्रेन से सकुशल भारत लौटे 251 छात्रों का केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को आईजीआई एयरपोर्ट पर स्वागत किया। शेखावत ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी जी की सरकार है, चाहे यूक्रेन हो या दुनिया में कहीं भी भारतवासी कष्ट में आएंगे, सरकार हमेशा उनके साथ में खड़ी होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले दिन से सुनिश्चित करने की कोशिश की कि हमारा एक भी व्यक्ति यूक्रेन में न फंसे।

हवाई जहाज में छात्रों के बीच पहुंचकर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि आप में से बहुत सारे लोग ऐसे होंगे, जो इस हवाई जहाज में बैठने से पहले कई दिनों से सो नहीं पाए होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप जितनी तकलीफ में थे, जितना दुःख देख रहे थे, सो नहीं पा रहे थे और ठीक से खाना भी नहीं खा पा रहे थे, यहां हमारे प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री, अफसर और कर्मचारी भी दिन-रात जागकर आपकी चिंता कर रहे थे। आपके लिए काम कर रहे थे।

शेखावत ने कहा कि दुनिया के बहुत सारे देशों के लोग शायद अभी भी वहां फंसे होंगे, लेकिन हमारे लोग इस तरह से निकल रहे हैं, यह देखकर प्रसन्नता होती है। आज भी कई हवाई जहाज वहां से आने हैं और आने वाले दो-चार दिनों में बहुत सारे लोगों को वापस लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्वी यूक्रेन में जहां युद्ध चल रहा है, वहां अभी भी हमारे लोगों को सुरक्षित निकालने की कोशिशें की जा रही हैं। वहां से लोगों को निकालने में एक-दो दिन और लग सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के लोग दुनिया में किसी भी जगह रह रहे हों, उनके मन में एक संतोष और आत्मविश्वास का भाव निश्चित रूप से जागता है, हम जहां कहीं भी हैं, भारतीय होने के नाते सुरक्षित हैं। शेखावत ने छात्रों को उनके अनुभवों पर एक-एक ब्लॉग लिखने का सुझाव भी दिया। केंद्रीय मंत्री ने छात्रों को वापस लाने के लिए एअर इंडिया और उसके स्टाफ का भी धन्यवाद किया।

इससे पहले भी दशकों तक देश में सरकारें रही हैं। दुनिया में इस तरह की परिस्थितियां पहले भी आई हैं। एक बार विपक्षी दलों को अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए कि उस वक्त उनकी सरकारों ने किस स्तर पर प्रयास किया था। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को याद करते हुए शेखावत ने कहा कि सुषमा जी ने ट्वीट लिखकर कहा था कि भारत का बेटा अगर चांद पर भी है तो मैं उसको सकुशल भारत की धरती पर वापस लाऊंगी। शेखावत ने कहा कि केवल आलोचनाएं करने से और आलोचना करके राजनीतिक जमीन तलाशने से नहीं होगा।